हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

11 प्रभु को देखने के लिए प्रेम और भक्ति रूपी दृष्टि...



12 हांसी में नालियों से प्लास्टिक वेस्ट निकाल एसडीएम...



## खबर संक्षेप

### पुराने तार बदलने के लिए आज बिजली बाधित रहेगी

**हिसार।** बिजली निगम द्वारा 21 मार्च शनिवार को आरडीएसएस स्कीम के तहत पुरानी तारें बदलने का काम किया जाएगा। इस कारण डीएन कॉलेज चौक फीडर पर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक लाइट बंद रहेगी। इसके चलते मंडी रोड, मोहना मंडी, डीएन कॉलेज रोड, भामाशाह नगर के आसपास का एरिया प्रभावित होगा।

### खुले में कचरा डालने पर काटे 12 के चालान

**हिसार।** शहर में स्वच्छता नियमों को उल्लंघन पर नगर निगम की टीमों ने 12 लोगों के चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने खुले में कचरा डालने पर गुब्बारे वाला, मनोज सब्जी वाला, नई अनाज मंडी के पास शराब की दुकान के 5-5 हजार रुपये के चालान किए व राजीव नगर पुलिया के पास सीएंडडी वेस्ट खुले में डालने पर दलाल कंस्ट्रक्शन का चालान किया गया। एएसआई विजेता ने ऋषि नगर, न्यू ऋषि नगर व धोबी घाट क्षेत्र में कचरा सेग्रीगेशन करके वाहनों में न डालने पर 5 घरों के 500-500 रुपये चालान किए गए। सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, एएसआई सन्नी ने मॉडल टाउन, मिलगेट रोड पर सिंगल यूज प्लॉस्टिक के प्रयोग पर 3 दुकानदारों के चालान किए।

### अंडरपास के लिए दायर की जाएगी जनहित याचिका

**उकलाना।** अंडरपास की मांग को लेकर चल रहा धरना शुक्रवार को 64वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने को समर्थन देने के लिए टोहाना से बार एसोसिएशन के सदस्य तथा हरियाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मन्नू सिंगला पहुंचे। इस दौरान मन्नू सिंगला ने कहा कि सरकार को इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार जनता को सुविधाएं देना आवश्यक है और क्षेत्र के लोगों का रोजगार सुरक्षित रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से कानूनी राय लेकर वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए जनहित याचिका दायर की जाएगी। उनका कहना था कि सबसे पहले अंडरपास का निर्माण होना जरूरी है और इस मुद्दे को लेकर कानूनी स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 23 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में बेसहारा पशु पकड़ो अभियान चलाया। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर 9-11, सातरोड, कैंट, सेक्टर 27-28 से 23 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## जन परिवाद समिति की बैठक में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 14 में से 10 मामले निपटाए

# 'तू महिला है इसलिए छोड़ रहा हूं' मंत्री की फटकार से गूंजा सभागार

**प्रॉपर्टी विवाद में शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज मंत्री नप सचिव पर भड़के**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में शुक्रवार को विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक ली। बैठक में मंत्री पंवार ने एक शिकायत पर बरवाला नगर परिषद की कार्यप्रणाली से नाराज होकर सचिव प्रगति को कड़ी फटकार लगाई। मंत्री ने कहा कि तू महिला है, इसलिए छोड़ रहा हूं। मंत्री ने कहा कि इतने दिन हो गए शिकायत पर आपने क्या कार्रवाई की।

हुआ यूं कि मंत्री पंवार के सामने समिति की पिछली बैठक में वर्तमान में मुंबई में रहने वाले रोहताश गुप्ता निवासी बरवाला शिकायत दी थी। फरियादी ने बताया था कि उसकी एक प्रॉपर्टी नगरपालिका बरवाला में लाल डोरे में आती है। इसका पुराना प्रॉपर्टी नंबर 2236 है और नया नंबर 6डीएटीआरए61 वार्ड नंबर 3, बरवाला में हैं, यह प्रॉपर्टी मेरे नाम थी। अब यह प्रॉपर्टी नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मिलीभगत करके किसी अन्य व्यक्ति के नाम चढ़ा दी है, जोकि गलत है। इस पर मंत्री पंवार ने नगर परिषद सचिव को दस्तावेजों पर हुए हस्ताक्षर को चेक करने के आदेश दिए था। शुक्रवार को मंत्री ने सचिव से इस मामले में अपडेट मांगा तो सचिव ने बैठक में बताया कि हस्ताक्षर के बारे में हम कुछ नहीं कह सकते। यह जवाब सुनकर मंत्री पंवार भड़क गए। मंत्री ने कहा कि मैंने पिछली बैठक में कहा था कि सिग्नेचर के मिलान किए जाएं और इसे लैब में जांच के लिए भेजा जाए, अब तक इस मामले में ऐसा क्यूं नहीं किया गया। अफसर ने कहा कि जांच के दौरान शिकायतकर्ता हाजिर नहीं हुआ।

इस शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी को हस्ताक्षर की जांच करवाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य प्रवीण जैन व रणधीर धीरू को भी जांच में जोड़ा गया है। इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, उपायुक्त महेंद्र पाल, हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, मेयर प्रवीण पोपली, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, नगर निगम आयुक्त नीरज, अतिरिक्त उपायुक्त विकास यादव, नगराधीश हरिराम, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, डिप्टी सीईओ जिला परिषद कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य प्रवीण जैन, संजीव रेवड़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**हिसार।** जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

### समाधान के दिए निर्देश

बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 14 में से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शेष शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए उन्होंने समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि शेष शिकायतों का समाधान भी समयबद्धता के साथ करवाया जाएगा।

### समाधान तक रुकनी नहीं चाहिए जेसीबी

सेक्टर 9–11 में पानी नही आने व सीवरेज सिस्टम खराब होने की शिकायत कर रहे फरियादी सुभाष जैन ने कहा कि उनके सेक्टर में पिछले बार पेयजल की भारी दिक्कत आई थी, उसे देखते सेक्टरवासी एचएसवीपी अधिकारियों के यहां नया बूस्टिंग स्टेशन बनवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे। शिकायतकर्ता ने मंत्री के सामने कहा कि संवेदनशील मामला और असंवेदनशील अधिकारी। इस पर मंत्री ने शिकायतकर्ता को ऐसा बोलने पर रोका और कहा कि अपने शब्द वापस लो। इस पर शिकायतकर्ता अपने शब्द वापस लिए। मंत्री ने अधिकारियों को मामले में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस बीच सेक्टरवासियों ने खाली प्लाट तथा एचएसवीपी के कमर्शियल प्लाटों की सफाई का भी मुद्दा रखा। इस पर मंत्री ने सख्त लहजे में अधिकारियों को आदेश दिए कि जब तक प्लॉटों की सफाई नहीं होती, तब तक जेसीबी नहीं रुकनी चाहिए।

### ज्वाइंट कमेटी बनाकर जांच के दिए आदेश

ग्लोबल स्पेस निवासी प्रार्थी अविनाश भाटिया द्वारा पैसे देने के बाद भी कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाने का मामला मंत्री पंवार के सामने रखा। जब मंत्री शिकायतकर्ता और कंपनी के प्रतिनिधि का पक्ष जान रहे थे तो मेयर प्रवीण पोपली ने इस मुद्दा को जोरदार तरीके से उठाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग उठाई। मेयर ने कहा कि ग्लोबल स्पेस कॉलोनाइजर द्वारा वहां के निवासियों को लगातार परेशान किया जा रहा है। वहां के निवासी को सुविधाएं नहीं दी जा रही। हर कोई दुखी है। कभी नहीं बिजली काट दी जाती है तो कभी उनके पानी के कनेक्शन काट दिए जाते हैं। इस दौरान भाजपा नेता प्रवीण जैन व अजय जांगड़ा ने भी मेयर की बात का समर्थन किया। इस पर मंत्री ने आरडब्ल्यूए के दो मेंबरों, डीटीपी, एसपी, डीसी, दो ग्रीवेंस मेंबर और एएसपी की एक ज्वाइंट कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच करने के आदेश दिए।

## अफसरों से साइबर ठगी

### भारत पेट्रोलियम से सेवानिवृत्त कर्मचारी से 50 लाख की ठगी

- पुलिस की वर्दी में साइबर ठगी ने दिखाया गिरफ्तारी का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत पेट्रोलियम से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी के साथ 50 लाख रुपये की गंभीर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर इस वारदात को अंजाम दिया। 7 मार्च को कर्मचारी को एक इंटरनेट कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने अपना नाम प्रदीप जयसवाल, डीआईजी मुंबई पुलिस बताया। उसने दावा किया कि कर्मचारी के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर बैंक ऑफ बड़ौदा, मुंबई में एक फर्जी खाता खोला गया है, जिसमें बड़ा फ्रॉड हुआ है। ठग ने यह भी कहा कि गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उसने फ्रॉड का 20 प्रतिशत उसे भी भेजा है। इसके बाद आरोपी ने कर्मचारी को मुंबई आने के लिए धमकाया और न आने पर पूरे परिवार को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी। डर पैदा करने के लिए उसने पुलिस की वर्दी में फोटो और नोटिस भी भेजा। डर के कारण कर्मचारी ने पहले 20 लाख रुपये और फिर 30 लाख रुपये ठग के बताए खाते में जमा कर दिए। इस प्रकार कुल 50 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच दे कृषि अधिकारी से 40 लाख ठगे

**हिसार।** ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में कार्यरत एक कृषि अधिकारी से 40 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 16-17 निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि 20 फरवरी को उसे सोशल मीडिया पर रेखा यादव नाम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे महिला ने उसका विश्वास जीत लिया। बाद में उसने व्हाट्सएप नंबर लेकर ट्रेडिंग में निवेश करने का सुझाव दिया और ज्यादा मुनाफा होने का लालच दिया। महिला के कहने पर 26 फरवरी को एक ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट बनाया गया, जिसे टेलीग्राम से जोड़ दिया गया। शुरूआत में उसने 50 हजार रुपये जमा करवाए, जिसके बदले उसके अकाउंट में 53,890 रुपये दिखने लगे। इससे उसका भरोसा और बढ़ गया। इसके बाद 6 मार्च को महिला ने 20 लाख रुपये निवेश करने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने अपने और अपनी मां के बैंक खाते से रकम ट्रांसफर कर दी। इसी तरह अलग-अलग बहानों से कुल 40 लाख रुपये जमा करवा लिए गए। जब उसने 5 हजार डॉलर निकालने की कोशिश की, तो और पैसे जमा करने को कहा गया। तब उसे ठगी का एहसास हुआ।

### बारिश से गेहूं-सरसों को भारी नुकसान



**नारनौंद।** लगातार दो दिनों से ही रही बारिश से किसानों के माथों पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही हैं। राजथल निवासी किसान राजेश, प्रदीप मान, जयबीर, होशियार सिंह, रामकुमार ने बताया कि गेहूं की बालियों में दाना बन चुका है। बारिश और तेज हवा के कारण फसल नीचे गिर गई है। अगर बारिश जारी रही तो फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। कुलदीप खेड़ी, अजमेर संदीप, आजाद, कृष्ण कापड़ो ने बताया कि हमारे क्षेत्र में ज्यादातर सरसों की फसल है। अगर बारिश नहीं होती तो किसान कटाई भी शुरू कर देते और अबकी बार काफी अच्छी फसल की उम्मीद लगाई जा रही थी बारिश के बाद फसल उत्पादन में काफी गिरावट होने के आसार हैं।

### अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में टीबी की आधुनिक मॉलिक्यूलर लैब स्थापित

**अग्रोहा।** क्षयरोग (टीबी) की त्वरित एवं सटीक पहचान सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में अत्याधुनिक क्षयरोग आणविक प्रयोगशाला का लोकार्पण किया गया। प्रयोगशाला का लोकार्पण मुख्य अतिथि राजेश वीरराघवन, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, नरेन्द्र कुमार, सत्यजीत रथ द्वारा महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष मनमोहन गोयल, सचिव आरसी गुप्ता, निदेशक डॉ अलका छाबड़ा, प्रशासनिक निदेशक डॉ आशुतोष शर्मा की उपस्थिति में किया गया। यह प्रयोगशाला कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई है, जिसे गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना के सहयोग से साकार किया गया है।

### मैसेंजर पर रिश्तेदार की फोटो लगा ठगी करने के आरोपी से 20 हजार बरामद

**हांसी।** जिला पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपी से 20 हजार रुपये की रिकवरी की है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि आरोपी ने हांसी निवासी बिजेंद्र के फेसबुक मैसेंजर पर उसके रिश्तेदार की फोटो (डीपी) लगी हुई आईडी से मैसेज भेजा था। मैसेज में कहा गया था कि विदेश में वीजा समाप्त होने के कारण वह इमिग्रेशन विभाग के पास फंसा हुआ है और इसके लिए वह मेरे एजेंट के खाते में रुपए डाल दे ताकि वह वापस भारत आ सके। जांच अधिकारी ने बताया कि बिजेंद्र ने विश्वास में आकर उसके द्वारा बताए बताए गए खातों में 1.90 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। दौरान-ए-तफ्तीश इस मामले में दिल्ली निवासी हर्षित की संलिप्तता मिलने पर उसे गिरफ्तार कर उसके पास से ठगी किए गए रुपयों में से 20 बरामद किए गए। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

## बकाया हाउस टैक्स को लेकर हंगामा

- दुकान सील करने पहुंचे नप अधिकारियों को व्यापारियों ने रोका
- नगर परिषद अधिकारियों और व्यापारियों के बीच हुई तीखी बहस
- 64 हजार रुपये के हाउस टैक्स पर भगत सिंह रोड पर भड़के
- नप सचिव ने थाने में दी सरकारी में कार्य में बाधा की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भगत सिंह रोड़ पर शुक्रवार शाम उस समय हंगामा हो गया जब नगर परिषद के अधिकारी बकाया हाउस टैक्स जमा नहीं कराए जाने के चलते दुकान सील करने पहुंचे। नप अधिकारियों द्वारा दुकान सील करने की सूचना मिलने पर काफी संख्या में दुकानदारों मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का विरोध किया और नप अधिकारियों को दुकान सील करने से रोकने का प्रयास किया। लेकिन नप अधिकारियों ने पुलिस की मदद से दुकान को सील कर दिया। लेकिन व्यापारी नेताओं ने नप द्वारा लगाया ताला तोड दिया और दुकान को खोल दिया और नप प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारी नेताओं ने आरोप लगाया कि नप अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं और जानबूझ कर व्यापारियों को को हाउस टैक्स के नाम पर परेशान कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भगत सिंह रोड़ निवासी राजकुमार की आटा चक्की पर शुक्रवार शाम को नगर परिषद की टीम 64 हजार रुपये बकाया टैक्स बताकर सीलिंग की कार्रवाई करने पहुंची थी। जैसे ही अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की, व्यापार मंडल के सदस्य मौके पर पहुंच गए और विरोध जताने लगे। इस दौरान अधिकारियों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस हो गई, जिससे मौके पर काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। दुकानदार राजकुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले भी अधिकारी दुकान को सील करने आए थे, जिस पर उसने 26 फरवरी को 20 हजार रुपये जमा करवा दिए थे। इसके बावजूद अब 64 हजार रुपये बकाया दिखाकर फिर से कार्रवाई की जा रही है। वहीं हांसी व्यापार मंडल के प्रधान व व्यापारी नेता प्रवीण तायल ने नगर परिषद पर मनमानी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिस दुकान का टैक्स 64 हजार रुपये बताया जा रहा है, वह इतनी बड़ी नहीं है कि इतना अधिक टैक्स बनता हो। हालांकि, दुकानदार के पास पहले जमा करवाई गई राशि की रसीद मौके पर उपलब्ध नहीं थी। लेकिन बाद में वह 26 फरवरी को जमा कराए गए 20 हजार रुपये की रसीद ले आया।




**हांसी।** दुकान सील करने के विरोध में प्रदर्शन करते व जमा किए गए टैक्स की रसीद दिखाते व्यापारी।

### 16 साल से पुराना टैक्स बकाया : सचिव

इस संबंध में नगर परिषद के सचिव एंजल वायु ने बताया कि संबंधित प्रॉपर्टी का करीब 16 साल से पुराना टैक्स बकाया है। उनके अनुसार 20 हजार रुपये जमा कराने के बाद भी दुकान का 64 हजार रुपये हाउस टैक्स अब भी बकाया हैं, जिसके चलते नियमानुसार कार्रवाई की जा रही थी। उन्होंने बताया कि दुकान सील करने पहुंची नगर परिषद टीम के साथ व्यापारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने तथा दुकान को सील करने से रोकने पर नगर परिषद सचिव एंजल वायु द्वारा सरकारी काम में बाधा और सरकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत दी गई है।

## शहर में खंडित मूर्तियों और पूजा सामग्री के लिए की विशेष व्यवस्था

# हर वार्ड में प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूजन सामग्री एकत्रित करने के लिए रखवाए ड्रम, सम्मानजनक होगा निस्तारण

**नगर निगम और ग्रीन ड्रीम फाउंडेशन संयुक्त रूप से चलाएंगे नई मुहिम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम द्वारा शहर में धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम को नगर निगम और ग्रीन ड्रीम फाउंडेशन संयुक्त रूप चलाने का कार्य करेंगे।

इस मुहिम में खंडित मूर्तियां, भगवान के पुराने या अनुपयोगी वस्त्र, पूजा में प्रयोग की गई सामग्री, धार्मिक सजावट का सामान और फोटो फ्रेम जैसी वस्तुओं के उचित निस्तारण की व्यवस्था की गई है। शहर के सभी वार्डों में स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर इसके लिए ड्रम रखे गए हैं। विधायक सावित्री जिंदल ने अपने निजी कोष से धार्मिक स्थलों पर ड्रम रखवाए गए हैं।

### जानिए... शहर में कहां-कहां रखवाए गए हैं ड्रम

वार्ड 1 में श्री देवी भवन मंदिर, नजदीक एफसी कॉलेज, वार्ड 2 में श्री बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14, वार्ड 3 में सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागौरी गेट, वार्ड 4 में शीतला माता मंदिर, वार्ड 5 में लाहौरिया मंदिर, लाहोरिया चौक, वार्ड 6 में बाबा दाना शेर मंदिर, टिब्बा दानाशेर, वार्ड 7 में सिद्ध श्री हनुमान मंदिर ओपी जिंदल पार्क के पीछे, मिलगेट, वार्ड 8 में मां बगलामुखी मंदिर, तरसेम नगर, वार्ड 9 में बाबा बालक नाथ मंदिर, तरसेम नगर, वार्ड 10 में शिव मंदिर, सूर्य नगर, वार्ड 11 में श्री हनुमान मंदिर, मेन रोड, सातरोड, वार्ड 12 में श्री शिव मंदिर, मॉडल टाउन एक्सटेंशन व मां जगदम्बे मंदिर, सेक्टर 9-11, वार्ड 13 में सिद्धिविनायक मंदिर, पुष्पा कॉम्प्लेक्स, वार्ड 14 में श्री श्याम मंदिर, सेक्टर 16-17, वार्ड 15 में श्री काली माता मंदिर, बैंक कॉलोनी, वार्ड 16 में श्री राम दरबार मंदिर, पटेल नगर, वार्ड 17 में श्री हनुमान मंदिर, कैमरी रोड, वार्ड 20 में श्री हनुमान मंदिर, अग्रसेन कॉलोनी बालसमंद रोड पर ये ड्रम रखे गए हैं।




### स्वच्छता के साथ धार्मिक आस्थाओं का सम्मान



निगमायुक्त नीरज ने नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन ड्रमों का उपयोग करें और धार्मिक सामग्री को इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर ही डालें। इससे न केवल शहर में स्वच्छता बनी रहेगी, बल्कि धार्मिक आस्थाओं का भी सम्मान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि अक्सर ये देखने में आया है कि पूजा-पाठ की सामग्री और धार्मिक फोटो पीपल के पेड़ के नीचे या सड़क के किनारे डाल दी जाती है इससे उनका अनादर होता है। कई बार लोग ऐसी सामग्री को खुले में या जल स्रोतों में डाल देते हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ धार्मिक वस्तुओं का सम्मानजनक और सुरक्षित निस्तारण करना है।

### सराहनीय मुहिम



नगर निगम और फाउंडेशन द्वारा धार्मिक सामग्री एकत्रित करने की सराहनीय मुहिम शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य नदियों, तालाबों और सार्वजनिक स्थानों को प्रदूषण से बचाना है। यह कदम स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल शहर की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। **-सावित्री जिंदल**, विधायक, हिसार।

### शहरवासियों से मांगा सहयोग



धार्मिक सामग्री को एकत्रित करने के लिए जो मुहिम शुरू की गई वह बहुत ही सराहनीय है। शहरवासियों से अपील है कि आपके घर, दुकान या प्रतिष्ठान से जो भी धार्मिक सामग्री निकलती है वह आपके नजदीक धार्मिक स्थलों पर रखे गए ड्रम डालें ताकि उसका सुरक्षित निस्तारण हो। **-प्रवीण पोपली**, मेयर।

## डीसी ने किया समाज कल्याण कार्यालय का औचक निरीक्षण

- नागरिकों संवाद कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी
- लंबित आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द करने के निर्देश भी दिए



**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं मंडल रोजगार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां उपस्थित नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

समाज कल्याण विभाग के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा करने और आमजन की समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता व संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया। उपायुक्त ने मंडल रोजगार कार्यालय में युवाओं को दी जा रही सेवाओं की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रिकॉर्ड, लंबित मामलों और कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की।



## रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

लाइफ Style

## वामिका
### भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्यमयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



हॉलीवुड मसाला

## वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा



**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



## डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



## सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



## रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

टीवी मसाला



## नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

नई दिल्ली। एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोजे रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोजे नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोजे नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



## टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए


**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

## ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



### उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

### किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश
# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### हिंदू स्कूल में कैरियर गाइडेंस सेमिनार कल

**हांसी।** सिसाय रोड स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नीट व जेईई की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय संचालक अनिल कुमार ने बताया कि कैरियर सेमिनार में अनुभवी शिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग क्षेत्रों में करियर बनाने हेतु सही दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई परीक्षा की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन, सही रणनीति एवं परीक्षा में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स देना है। प्राचार्या सुनीता रानी ने बताया कि यह सेमिनार विशेष रूप से कक्षा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहेगा जो मेडिकल या इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं।

### इनेलो 23 को मनाएगी शहीदी दिवस : लोहान

**नारनौंद।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद सिंह लोहान ने कहा कि पार्टी 23 मार्च को नरवाना की अनाज मंडी में शहीदी दिवस के उपलक्ष में शहीदों को याद करने का काम करेगी की। उन्होंने बताया कि जिन शहीदों की वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं भाजपा सरकार उनको भूलाने का काम कर रही है। इसलिए इनेलो नरवाना में शहीदों को याद करने का काम करेगी। इसके लिए लोगों को न्योता दिया जा रहा है। पहली बार बड़े स्तर पर शहीदों की याद में कोई कार्यक्रम हो रहा है। इसको लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

### ग्रुप-डी कर्मियों के लिए हुआ प्रशिक्षण शिविर

**हिसार।** डाइट मात्रशाम में ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता डाइट मात्रशाम के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार द्वारा की गई। प्राचार्य ने प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को कार्यस्थल पर बेहतर व्यवहार, जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा निदेशालय के आदेश अनुसार एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में डाइट मात्रशाम हिसार में शिक्षा विभाग के ग्रुप डी कर्मचारियों के अन्तिम दिन गुरुग्राम की पर्यवेक्षक टीम द्वारा भी प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जांच की गई।

### गणगौर पर्व पर श्याम प्रभु को लगाया भोग

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को श्याम प्रभु को गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में संध्या आरती मे विभिन्न मिष्ठानों का विशेष भोग अर्पित किया गया। यह पर्व हमारी संस्कृति, श्रद्धा और सौभाग्य का सुंदर प्रतीक है। गणगौर में माता गौरी की पूजा करके जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य की कामना की जाती है। आज का विशेष भाव श्याम प्रभु को गणगौर के शुभ अवसर पर भोग अर्पित कर समस्त भक्तों ने श्याम प्रभु, माता गौरी और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती प्रसाद भोग प्रसाद भक्तजनो में वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल, आशीष जैन, सुभाष बंसल, राजकुमार जैन,त्रिलोक बंसल मौजूद रहे।

### भामाशाह रघुबीर सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि कल

**हिसार।** गांव तलवंडी रुक्का में 22 मार्च को भामाशाह ठाकुर रघुबीर सिंह भाटी की द्वितीय पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर व विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तलवंडी रुक्का में शुरू होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिसार मेयर प्रवीण पोपली रहेंगे। इसके अलावा हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नरेश चौहान, सीएमओ हिसार डॉ. सपना गहलावत सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आयोजन के तहत रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप आईएसआई मार्का हेलमेट दिए जाएंगे।

---

### देव पूजन व मंगला चरण के साथ नौ दिवसीय रामनवमी महोत्सव शुरू

# प्रभु को देखने के लिए प्रेम और भक्ति रूपी दृष्टि का होना जरूरी : भारद्वाज

**कथाव्यास भावेश ने श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला का 129वां श्री रामनवमी महोत्सव देव पूजन, मंगला चरण व संकीर्तन के साथ विविधत ढंग से देवी भवन के गोयनका सदन में शुरू हुआ। इस अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने राम चरित्र मानस महिमा से साक्षात्कार करवाया और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने मंगला चरण, संकीर्तन व श्रीराम कथा के महात्म्य से भी परिचय करवाया। कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि प्रभु कण-कण में व्याप्त है लेकिन देखने के लिए अलग दृष्टि चाहिए। उन्होंने कहा कि संत बताते हैं कि वो हर जगह मौजूद है लेकिन नजर आता नहीं, प्रेम-भक्ति के बिना कोई उसे पाता नहीं। इसलिए उस प्रभु को देखने के लिए प्रेम और भक्ति रूपी दृष्टि की आवश्यकता है। कथा व्यास कहा कि भगवान को तिलक करने, मुकुट पहनाने या नई पोषाक पहनाने से भक्ति नहीं होगी। यदि सच्ची भक्ति करनी है तो उस प्रभु को जानना होगा और उसके प्रति रिश्ता बनाना होगा।



हिसार। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को स्मृति चिन्ह देते कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज। *फोटो : हरिभूमि*

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि श्रीराम कथा के पहले दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि रहे और उद्योगपति व समाजसेवी कृष्ण कुमार गोरखपुरिया ने अध्यक्षता की। इस दौरान डॉ. प्रतिमा गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रही। इस अवसर पर मदनलाल गोयल, सुभाष बंसल, कमल सर्राफ, मनोज बुड़ाकिया, प्रवीन जैन व गगन शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रथम दिवस प्रतीक बंसल ने परिवार सहित पूजन किया और सुरेश बिंदल ने प्रसादम की व्यवस्था में योगदान दिया। इस दौरान राजेंद्र बंसल, सज्जन गुप्ता, वीरभान बंसल, राजेश शर्मा, अशोक शर्मा, विनोद वर्मा, अश्विनी शर्मा, सुशील गोयल, केशव सिंगल, संजीव शर्मा, अनिल महाजन, प्रेम कश्यप, अजय सिंगल आदि मौजूद थे।

### माता ब्रह्मचारिणी सादगी, तपस्या और अटूट भक्ति का प्रतीक : गर्ग

**हिसार।** श्री प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी जी की पूजा पाठ का कार्यक्रम शिवालय ट्रस्ट संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इसमें भारी संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि माता ब्रह्मचारिणी सादगी, तपस्या और अटूट भक्ति का प्रतीक है। माता ब्रह्मचारिणी जी का रूप हमें अनुशासन, संयम और कठिन परिस्थितियों से भी दृष्टि करने की शिक्षा देता है। माता के श्रेत वस्त्र धारण करती हैं उनके एक हाथों में रुद्राक्ष की माला और दूसरे में कमंडल है। इस अवसर पर ओम प्रकाश असीजा, रमेश पटवारी, जगत नारायण, पंडित मांगेराम शर्मा, नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, संदीप पखाड़ा, श्रीमती रेणु पहुजा, सुषमा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, वंदना मौर्य, सविता जेटली, नीतू गर्ग आदि मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ के साथ किया नववर्ष का शुभारंभ

**उकलाना।** भारत विकास परिषद द्वारा नव संवत्सर के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन कर भारतीय नववर्ष का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का वाचन पंडित रमेश शर्मा द्वारा श्रद्धा और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में भश्रीनिवास गोयल, महेश बंसल, ष पुण्यकीर्ति शर्मा, सचिव सुनील गर्ग, राममिलन शर्मा, सुशील गर्ग, महेंद्र दहमानिया, निहाल सिंह आदि रहे।

### मूर्ति स्थापना को लेकर निकली कलश यात्रा

**उकलाना।** दुर्गा मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के तहत सनातन धर्म मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके उपरांत श्रद्धालु कलश लेकर बैंड-बाजों के साथ नगर फेरी के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान महिलाएं भजन-कीर्तन गाते हुए आगे बढ़ीं, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 23 मार्च को दोपहर 3 बजे के बाद नगर फेरी निकाली जाएगी।



हिसार। आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में श्रीराम कथा करती महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता। *फोटो : हरिभूमि*

### विधि-विधान से शुरू हुई श्रीराम कथा

## जन-जन के मन में जो बसा हुआ है, वही राम

- प्रकृति परिवर्तन के समान मानव शरीर में समय-समय पर होता रहता है परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्रों में पूजा-पाठ के साथ पूरे विधि-विधान से श्रीराम कथा व आध्यात्मिक प्रवचनों का शुभारंभ हुआ। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने मां भगवती व प्रभु श्रीराम की आराधना करते हुए श्रीराम का सही अर्थ समझाया। उन्होंने कहा कि राम का अर्थ है जो सर्वत्र रमा हुआ है। कहने का तात्पर्य है कि जन-जन के मन में जो बसा हुआ है वही राम है। उन्होंने कहा कि नव संवत परिवर्तन का प्रतीक है। वृक्षों के पुराने पत्ते झड़ते हैं और नई कोंपलें आती हैं। सर्दी के समापन व गर्मी के आगमन का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि जैसे प्रकृति में परिवर्तन होता है, वैसे ही मानव शरीर में भी परिवर्तन होता है।

मॉडल टाउन में स्थित मां संतोषी आश्रम में शुरू हुई श्रीराम कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास अनंत श्री विभूषित परम श्रद्धेय स्वामी संतोषी माता को मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के उपाध्यक्ष मदनलाल गोयल ने तिलक करके अभिनंदन किया और कृष्णा गुप्ता, वीना सोनी, हेमराज यादव, अशोक वर्मा व श्रीमती नारंग ने स्वामी संतोषी माता जी को माला अर्पित करके स्वागत किया। इस अवसर पर शक्ति उपासना ट्रस्ट के महासचिव राजमल काजल, अशोक बंसल, सुभाष बंसल, राकेश नारंग, सुशील बुड़ाकिया, रमेश चुघ व अनिल महत्ता सहित समस्त पदाधिकारी व काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## दंत चिकित्सा कैंप में जांचा 480 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**डॉ. सचिन मित्तल डेंटिस्ट्री टीम ने लगाया जागरुकता कैंप**

स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने विज्डम स्कूल में दो दिवसीय निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. मुदिता के बाहेती और अभिषेक पांडे ने बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें टुथब्रश करने का तरीका समझाया। इस दौरान करीब 480 बच्चों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गई। कुछ बच्चों का एआई रोबोट द्वारा निरीक्षण किया गया। स्कूल के डायरेक्ट हरिपाल पिलानिया ने डेंटल चिकित्सा टीम के अभियान की सराहना की। इस अवसर पर दंत चिकित्सक टीम ने जागरूक करते हुए कहा कि कम उम्र ही बच्चों में स्वस्थ आदतें विकसित करनी चाहिए।



छात्रा के दांतों की जांच करती डॉक्टर।

## प्रेम नगर राशन डिपो का निरीक्षण

- एसडीएम ने स्वयं की राशन गुणवत्ता व वजन की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को गांव प्रेम नगर स्थित राशन डिपो का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरसों के तेल की एक्सपायरी डेट की जांच की, वहीं चीनी व चावल की पैकिंग को तराजू पर तौल कर उनके निर्धारित भार की भी बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान राशन डिपो पर की गई व्यवस्थाओं पर एसडीएम संतुष्ट नजर आए, लेकिन उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों की लंबी कतार को देखते हुए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में एक और नया राशन डिपो स्थापित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।



हांसी। राशन डिपो संचालक द्वारा उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले सामान का वजन करते एसडीएम राजेश।

#### ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

एसडीएम खोथ ने डिपो पर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी पात्र लाभार्थियों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रेम नगर निवासी महिला जूमिया ने राशन कार्ड कटने की समस्या एसडीएम के समक्ष रखी।

## डीएन कॉलेज में एनिमल टिशू कल्चर पर छात्रों को किया जागरूक



**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एनिमल टिशू कल्चर एवं इसके अनुप्रयोग विषय पर एक विस्तार व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लुवास के पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में एनिमल टिशू कल्चर की मूल अवधारणाओं, तकनीकों तथा इसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह तकनीक चिकित्सा, वैक्सीन निर्माण, कैंसर अनुसंधान, औषधि परीक्षण तथा अंगों के कृत्रिम विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


---

## राष्ट्र के गौरव होते हैं संतः वाजपेयी

- गीता वन में राम कथा का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के संस्थापक ब्रह्मलीन डॉक्टर बृज मोहन के आशीर्वाद से गीता भवन में चल रही राम कथा के दूसरे दिन प्रवचन देते हुए राय बरेली से आये कथा व्यास आचार्य कविता कान्त वाजपेयी रामायणी ने कहा कि जब रावण के अत्याचार से भारतीय संस्कृति का क्षरण होने लगा तथा राष्ट्र की सीमाओं का अतिक्रमण हुआ तो अयोध्या से श्रीराम को लाकर ताडक़ा सुबाहु आदि का वध कर श्रीराम ने रावण के विरुद्ध अपना अभियान प्रारंभ किया। श्रीराम ने गौतम ऋषि से श्रापित बहिकृष्त अहिल्या को समाज की मुख्य धारा में जोडक़र नारी समाज के सम्मान की रक्षा की।





हिसार। गीता भवन में प्रवचन देते आचार्य कविता कान्त वाजपेयी व उपस्थित श्रद्धालु।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था की प्रधान उषा बख्शी, सचिव कृष्ण शर्मा, उपप्रधान कृष्ण महता, कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर, विजय चावला, नंदलाल धमीजा, शामसुंदर नागपाल, रामशरण भुटानी, आदेश भुटानी, दयानंद बंसल, डॉ. बिमल, सुरेश नागपाल, सुषमा जिंदल, संतोष नागपाल, राधिका शर्मा, मधु मित्तल, स्नेह मित्तल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खाद्य उत्पादों के निर्माण की सिखाई विधियां

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय फल एवं सब्जी परिरक्षण कार्यशाला का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज गिल की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला में बीए तृतीय वर्ष के लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय से आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. शशि कला यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण की विधियां सिखाईं। उन्होंने सेब एवं चुकंदर का जैम, आंवला का अचार व चटनी, अंगूर की चटनी, गुलकंद, संतरे व नींबू का स्क्वैश तथा नींबू का अचार आदि तैयार करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन किया।

## न्यूरो विकासात्मक पर हुई कार्यशाला

- गुजवि में न्यूरोविकासात्मक विकार पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग द्वारा न्यूरोविकासात्मक विकार विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति वरिष्ठ पुनर्वास पेशेवर, दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट राजपाल सिंह बासनीवाल एवं दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट, मनोवैज्ञानिक डॉ. शिवांशी तोमर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसके पश्चात मुख्य वक्ता ने विभिन्न प्रकार के न्यूरोविकासात्मक विकारों, उनके कारण एवं प्रबंधन प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की।



हिसार। कार्यशाला में अतिथियों को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार।

#### ऑटिज्म विकास पर दिया विशेष जोर

उन्होंने वर्तमान समय में ऑटिज्म के प्रबंधन के महत्व पर विशेष जोर दिया तथा वर्चुअल ऑटिज्म की बढ़ती समस्या पर प्रकाश डाला, जो बच्चों को इंटरनेट की लत और ऑटिज्म के संयुक्त प्रभाव के प्रति अधिक संवेदनशील बना रही है, जिससे उनकी एकाग्रता एवं स्थिरता की क्षमता में कमी देखी जा रही है। इस मौके पर डॉ. स्नेहा मित्तल, डॉ. पूनम, डॉ. गोबिंद यादव एवं डॉ. मोनिका आदि रहे।

---

### हकृवि में 'मसालों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण में उभरती प्रवृतियां' विषय पर कार्यशाला

# भारतीय मसालों की सुगंध, स्वाद और औषधीय गुणों के कारण पूरे विश्व में मांग : प्रो. काम्बोज

- राज्य स्तरीय कार्यशाला में बागवानी विभाग के अधिकारी, विस्तार विशेषज्ञ और किसानों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सब्जी विज्ञान विभाग द्वारा 'मसालों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण में उभरती प्रवृतियां' विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय कालीकट (केरल) के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि हमारे देश की जलवायु, भौगोलिक विविधता और कृषि परंपराएं मसालों के उत्पादन के लिए अनुकूल हैं। यही कारण है कि भारत आज विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। यहां लगभग 60 से अधिक प्रकार के मसाले जैसे हल्दी, मिर्च, जीरा, धनिया, इलायची और काली मिर्च का उत्पादन किया जाता है।



हिसार। कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। *फोटो : हरिभूमि*

#### वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा मसालों का बाजार

कुलपति ने बताया कि यदि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर की बात करें, तो मसालों का वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है। बदलती जीवनशैली, स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों की लोकप्रियता के कारण मसालों की मांग निरंतर बढ़ रही है। इस क्षेत्र में भारत की स्थिति अत्यंत मजबूत है। हालांकि हमें यह भी समझना होगा कि अभी भी हमारे अधिकांश मसाले कच्चे रूप में निर्यात होते हैं। यदि हम प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और गुणवत्ता सुधार पर अधिक ध्यान दें, तो हम वैश्विक बाजार में और भी अधिक लाभ कमा सकते हैं और अपनी स्थिति को और सशक्त बना सकते हैं। इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव, डॉ. एसके तेहलान, डॉ. सुरेन्द्र कुमार धनखड़ आदि मौजूद रहे।



## समर्थकों ने मनाया विधायक सावित्री जिंदल का जन्मदिन

**हिसार।** जिंदल हाउस में विधायक सावित्री जिंदल का 76वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सावित्री जिंदल को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई, जहां उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के बीच जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। जन्मदिवस के अवसर पप्पू सैनी द्वारा नई सब्जी मंडी में फल वितरित किए। इस अवसर पर जगदीश जिन्दल, वेद रावल, पार्षद जगमोहन मितल, टीनू जैन, डीएन सैनी, धर्मपाल सिवाच, विनय गुप्ता, प्रवीन जैन, डॉ. चंद्र शेखर, सुभाष गुर्जर, डॉ. प्रदीप कोहली, पवन सैनी, राजेश यादव, दिनेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, मैनेजर कमल गोयल, बृजेष पांडे, दलबीर शर्मा, विपिन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग केंद्र में लगाया नेत्र ऑपरेशन शिविर

**हिसार।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों के सहयोग से और सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों में सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 22 लोगों का निशुल्क ऑपरेशन किया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। इस दौरान दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि इसी कड़ी में 27 मार्च को जरूरतमंद लोगों के लिए एक और निशुल्क शिविर लगाया जाएगा।

### गुजवि में बैंक ब्रांच ऑडिट पर सेमिनार कल

**हिसार।** सीए व सीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के प्रति समर्पित एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 22 मार्च को बैंक ब्रांच ऑडिट पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होने वाले इस सेमिनार में सीए लोकेश गुप्ता व सीए संजीव सिवाच मुख्य वक्ता रहेंगे। इस दौरान एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल व वाइस चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस सेमिनार को सफल बनाने में सचिव सीए राजेश सिहाग, कोषाध्यक्ष सीए सुनील गोदारा, एनआईसीएएसए चेयरमैन सीए प्रतीक आर्य आदि की विशेष भूमिका रहेगी।

### हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि पर किया हवन

**हिसार।** सूर्य नगर स्थित शिव मंदिर में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ पर भव्य यज्ञ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के सौजन्य से पूर्ण किया। कार्यक्रम की संयोजक नीलम व उनकी टीम ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना पूर्ण योगदान दिया। यज्ञ में हिंदू परिषद के विभागाध्यक्ष प्रवीण हिंदू, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष शंकर गौरखा व नगर अध्यक्ष अमित, गोपाल, दर्शन हिन्दू, रमा शंकर आदि सभी सदस्यों ने यज्ञ में आहुति दी।

### एफसी कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

**हिसार।** फतेहचंद महिला महाविद्यालय में शहीदी दिवस के अवसर पर युवा रेडक्रॉस इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और जिला रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने किया और छात्राओं को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व को समझाया। नागरिक अस्पताल से डॉ. किरण तथा उनकी टीम संतरों, शीला, मुकेश, गीतांशी, वैशाली, कश्मीर, राजेश, अनिल और रामनिवास ने सुरक्षित तरीके से रक्तदान प्रक्रिया को पूरा किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा गर्ग, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. पल्लवी आर्या, डॉ. कैलाश, अल्पना गुप्ता, बबीता आदि मौजूद रही।

### स्टेशन के पास प्रेम नगर में बड़े पैमाने पर चलाया स्वच्छता अभियान

# हांसी में नालियों से प्लास्टिक वेस्ट निकाल एसडीएम ने किया श्रमदान

रेलवे स्टेशन से गांव प्रेम नगर तक शानदार लाइटिंग के अलावा बरसाती पानी निकासी की करवाई जाएगी व्यवस्था : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

रेलवे स्टेशन के समीप स्थित प्रेम नगर गांव में शुक्रवार को एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर कूड़ा करकट को ट्रैक्टर ट्रालियों में डालकर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया गया।

स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। सफाई अभियान में खास बात यह रही की कचरा उठाने के लिए ग्रामीण खुद अपने घरों से फावड़ा व अन्य आवश्यक उपकरण साथ लेकर आए। अभियान के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने भी लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया। सफाई अभियान के उपरांत एसडीएम ने कहा कि रेलवे स्टेशन से प्रेम नगर गांव तक लाइटिंग की व्यवस्था करवाई जाएगी। इस कार्य के लिए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आगामी 30 दिनों के अंदर लाइटिंग व्यवस्था के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हैफेड के गोदाम के साथ लगती भूमि पर पौधे रोपित करवाए जाएंगे। उन्होंने गोदाम के साथ गंदे पानी की निकासी को लेकर बने नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए।


हांसी। प्रेम नगर में चलाए गए सफाई अभियान के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

#### ई-रिक्शा यूनियन प्रधान ने उठाया था मामला

प्रेम नगर गांव के निकट साफ सफाई का मामला ऑटो रिक्शा चालक सुनील कुमार ने समाधान शिविर में उठाया था। एसडीएम राजेश खोथ ने इसके बाद प्रेम नगर गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से इस समस्या का सफाई समाधान करने का आश्वासन दिया था। जल्दी अभी समस्या का समाधान हो जाएगा।

#### पानी निकासी के लिए 1.67 करोड़ मिले

एसडीएम के गांव के दौरे के दौरान सरपंच अरविंद कटारिया ने बताया कि प्रेम नगर गांव में बरसात पानी निकासी की व्यवस्था को लेकर 1 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि का एक प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट विधायक विनोद भयाना द्वारा ग्रामीणों की मांग को पूरा करवाने के लिए स्वीकृत करवाया गया है। इसके लिए उन्होंने विधायक विनोद भयाना का गांव की ओर से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

#### युवकों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

प्रेम नगर गांव में पुल के निकट सफाई अभियान की निगरानी कर रहे एसडीएम खोथ ने मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की मोटरसाइकिल को रुकवाया और मोटरसाइकिल सवार चारों युवकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह ओवर राइडिंग का मामला बनता है। इस तरह की गलती दोबारा हुई तो नियम अनुसार चालान काट दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद युवाओं से बातचीत करते हुए विभिन्न ट्रैफिक नियमों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायती राज के जेई अमनदीप, ग्राम सचिव प्रियंका सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर दिया उपमंडल अभियंता कार्यालय पर धरना

- लिखित व मौखिक रूप से कई बार शिकायत देने के बावजूद नहीं हो रहा समाधान

**हिसार।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी ब्रांच ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर शुक्रवार को उपमंडल नंबर 4 के उपमंडल अभियंता के कैमरी रोड स्थित कार्यालय पर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव मनोज भाम्भू ने किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की मांगों का लेकर यूनियन कई बार लिखित व मौखिक रूप से उपमंडल अभियंता को अवगत करवा चुकी है, लेकिन अभी तक उपमंडल अभियंता ने कर्मचारियों की मांगों के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। उपमंडल अभियंता ने मांगों के समाधान को लेकर कोरे आश्वासन देने का काम किया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी के इस नकारात्मक रवैये को लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं किया गया तो यूनियन आंदोलन को तेज करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि इसके कारण यदि विभागीय कार्य बाधित होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी उपमंडल अभियंता की होगी। धरने में जिला प्रधान बलवान सिंह कालीरामणा, जिला उपप्रधान राजकुमार पूनिया, जिला सचिव मनजीत सिहाग, जिला कोषाध्यक्ष बबलू शर्मा, शहरी ब्रांच प्रधान सतीश बिश्नोई, ब्रांच सचिव सलीम, चेयरमैन लीलूराम, ग्रामीण ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा, सचिव मनोज भाम्भू कर्मचारी शामिल रहे।

## जिंदल स्टेनलेस की प्रगति के लिए मजबूत नेतृत्व तैयार करना बहुत जरूरी : अभ्युदय

- जिंदल स्टेनलेस ने आईआईएम बैंगलोर के साथ की साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसारजिंदल स्टेनलेस ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट बैंगलोर (आईआईएमबी) के साथ मिलकर एक विशेष स्ट्रेटेजिक लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम-रणनीतिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य कंपनी के वरिष्ठ कर्मचारियों की रणनीतिक सोच, व्यावसायिक समझ और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना है, ताकि उन्हें नेतृत्व करने से संबंधित महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सके। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कार्यक्रम का उद्घाटन अवसर में उपस्थित जिंदल स्टेनलेस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुशील बावेजा, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट बैंगलोर की अध्यक्ष व प्राध्यापक डॉ. मुक्ता कुलकर्णी, आईआईएमबी के फैकल्टी सदस्य (रणनीति) डॉ. दीपक चंद्रशेखर और जिंदल स्टेनलेस के प्रमुख (लर्निंग एंड डेवलपमेंट), आनंद पचौरी के बीच किया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस साझेदारी पर बात करते हुए कहा कि जैसे-जैसे जिंदल स्टेनलेस प्रगति और विस्तार कर रही है, मजबूत नेतृत्व तैयार करना बहुत जरूरी हो गया है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट बैंगलोर के अनुभवी शिक्षकों से सीखने से हमारे वरिष्ठ अधिकारियों को नई सोच मिलेगी, उनकी रणनीतिक सोच और बेहतर होगी और वे जटिल व्यावसायिक परिस्थितियों को अधिक आत्मविश्वास के साथ संभाल पाएंगे।


हिसार। साझेदारी के मौके पर उपस्थित दोनों कंपनियों अधिकारी व प्रतिनिधि।

# पिच डेक प्रस्तुतियों में दिखी नवाचार की झलक

- एचएसबी में बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता एवं एक्सेल-पायथन कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में आयोजित चार दिवसीय विशेष कार्यशाला तथा दो दिवसीय बिजनेस मॉडल एग्जीबिशन-कम-पिच डेक प्रतियोगिता-2026 का संयुक्त समापन हुआ। इन आयोजनों ने विद्यार्थियों को एक ओर जहां उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ने का अवसर प्रदान किया, वहीं दूसरी ओर उन्हें आधुनिक डेटा टूल्स और तकनीकों में दक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में जबकि कुलसचिव डॉ. विजय कुमार भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए सभी बिजनेस मॉडल स्टॉल्स का अवलोकन किया और प्रतिभागियों से संवाद स्थापित कर उनके विचारों की सराहना की। यह संपूर्ण आयोजन एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। बिजनेस मॉडल एग्जीबिशन-कम-पिच डेक प्रतियोगिता इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें एमबीए व इंटीग्रेटेड एमबीए के विद्यार्थियों ने अपने अभिनव, व्यवहारिक और भविष्य उन्मुख बिजनेस मॉडलों को आकर्षक स्टॉल्स, प्रोटोटाइप्स और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण आयाम 'बिजनेस पिच डेक प्रस्तुति' रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने स्टार्टअप विचारों को संरचित, डेटा-समर्थित और निवेशक-उन्मुख तरीके से प्रस्तुत किया।


हिसार। समारोह में प्रशिक्षकों को सम्मानित करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहे परिणाम

बिजनेस पिच डेक प्रतियोगिता में एमबीए आईबी प्रिवियस की तृप्ति, अलीशा व सफूर्ति के विजेता चैम्पियन रही। एमबीए जनरल प्रिवियस की आंचल, अंकिता व संयम प्रथम उपविजेता तथा एमबीए जनरल प्रिवियस के करण, रुद्र व हरीश द्वितीय उपविजेता रहे। बेस्ट इनोवेटिव आइडिया के लिए एमबीए आईबी फाइनल के रामफल, मुस्कान व अनु को, मोस्ट वायबल आइडिया के लिए एमबीए जनरल प्रिवियस के जयकिशन, नैन्सी व हेमंत को तथा बेस्ट कम्युनिकेटर के लिए बीबीए की विनीत व सिया को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता में विनीत व सिया विजेता चैम्पियन रहे। उत्कर्ष, कर्मवीर व मयंक प्रथम उपविजेता तथा हर्ष, अंकित व विवेक द्वितीय उपविजेता रहे।

### अंकित खनगवाल बने सहायक ट्रेजरी अधिकारी

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय से वर्ष 2008 में कला संकाय से स्नातक करने वाले अंकित खनगवाल ने अपने संघर्ष और दृढ़ संकल्प के बल पर एक प्रेरणादायक सफलता हासिल की है। पारिवारिक आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के कारण उन्होंने वर्ष 2009 में भारतीय स्टेट बैंक में क्लर्क के पद से अपने करियर की शुरुआत की। अधिकारी बनने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अंकित ने निरंतर प्रयास जारी रखा। इसी क्रम में वे हरियाणा में ऑडिटर तथा आयकर निरीक्षक के पद पर चयनित हुए और मुंबई में अपनी सेवाएं दीं। हालांकि, हरियाणा में अधिकारी बनने का उनका सपना हमेशा जीवित रहा। हरियाणा सिविल सेवा की तीन मुख्य परीक्षाओं में असफलता का सामना करने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सहायक ट्रेज़री अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।

### विकास के लिए कैबिनेट मंत्री गंगवा ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को लिखा पत्र

हिसार। हरियाणा के पीडब्ल्यूडी एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर हिसार जिले में एनएच-9 पर महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाने की मांग उठाई है। गत दिनों उनसे मुलाकात के दौरान भी यह मामले संज्ञान में लाए गए थे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि गांव बुगाना व सरसौद के सरपंचों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा हिसार एयरपोर्ट की दीवार के पास एनएच-9 पर 7.3 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी सडक निर्माण की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण के लिए किसी भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं है और इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके अलावा मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव बुगाना, सरसौद व तलवंडी राणा के लोगों की सहूलियत के लिए हिसार एयरपोर्ट के पास कट (कट पॉइंट), ओवरब्रिज व अंडरपास के निर्माण की मांग भी उठाई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे हकृवि में मेले का उद्घाटन

# वीसी ने लिया कृषि मेले की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 23 व 24 मार्च को आयोजित होने वाले कृषि मेला खरीफ की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मेला परिसर का जायजा लिया और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

कृषि मेला, खरीफ दतोपंत ठेंगड़ी कृषि उद्यमिता स्थल, गेट नंबर 3 बालसमंद रोड़ पर आयोजित किया जाएगा। मेले का विषय सतत कृषि- समृद्धि की राह रखा गया है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि कृषि मेले का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में 250 स्टालें लगाई जाएंगी जिनमें 165 स्टालें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा तथा 60 स्टालें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा लगाई जाएंगी। मेले में 25 स्टालें प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाई जाएंगी।


हिसार। मेले की तैयारियों का जायजा लेते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

#### अनुसंधान फार्म का दौरा करवाएंगे

सह निदेशक (विस्तार) डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई फसलें भी दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश के भी किसान भाग लेते हैं, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वाहन पार्किंग और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

#### आधुनिक कृषि यंत्रों का होगा प्रदर्शन

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि मेले में आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, प्रगतिशील किसानों का सम्मान, उन्नत किस्म के बीजों और नवीनतम तकनीक की जानकारी, मिट्टी एवं पानी के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच, रोग ग्रस्त फसलों की जांच एवं निदान, गृह विज्ञान संबंधी जानकारी, कृषि विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र, खरीफ फसलों एवं सब्जियों के उन्नत किस्म के बीजों की जानकारी और बिक्री, विश्वविद्यालय के प्रकाशन की बिक्री तथा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### प्राचार्या चावला को बनाया हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की जिला विंग प्रभारी



**हांसी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा की जिला सचिव अमरजीत सिंह पान्नू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या को गाइड विंग की प्रभारी का कार्यभार दिया गया। विद्यालय की ओर से स्काउट में ऋषिकेश (हरिद्वार) में छात्रों व वृंदावन में छात्राओं के लिए शिविर का आयोजन करवाया गया। वहीं विद्यालय के छात्रों ने राज्य स्तरीय व राष्ट्र स्तरीय खेलों में भाग लेकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया जिसमें उदय ने जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप कराटे में गीतांशी ने रजत पदक व पंकज ने कांस्य पदक को अपने कब्जे में लिया। राज्य स्तरीय किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुंज ने 100 मीटर मे व सक्षम ने 200 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या चावला ने बताया कि आज समाज में निरंतर नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। स्काउट एंड गाइड के माध्यम से समाज की कुरीतियों को दूर करना व समाज में सुरक्षा की भावना को विकसित करना है।




### विस्तृत व्याख्यान से कैंसर के प्रति फैलाई जागरूकता

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ व रेड क्रॉस व रेड रिबन प्रकोष्ठ द्वारा अमेरिकन ऑनकोलॉजी इंस्टिट्यूट के सहयोग से कैंसर जागरूकता पर फाइट कैंसर विथ अवेयरनेस पर विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें सर्वेश हॉस्पिटल के अमेरिकन ऑनकोलॉजी इंस्टिट्यूट से डॉ. प्राची कालरा मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुई। डॉ प्राची कालरा ने विभिन्न प्रकार कैंसर, इनके फैलने के कारण, जांच व रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ कालरा ने बताया की हेल्थी लाइफस्टाइल व जानकारी के साथ हम कैंसर से बच सकते हैं, साथ ही समय पर जांच बीमारी को फैलने से रोक सकती है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका शाइना, रेड क्रॉस व रेड रिबन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. वसुंधरा, कीर्ति व रजनी आदि मौजूद रहे।

### गैस सिलेंडरों की ब्लैक करने वालों पर होगी कार्रवाई



**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अवैध गतिविधि में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता को निर्धारित दरों पर गैस उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता सहन नहीं की जाएगी। डीसी ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष छापेमारी टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से गैस एजेंसियों, गोदामों तथा संदिग्ध स्थानों पर औचक निरीक्षण करें। यदि कोई व्यक्ति या गैस एजेंसी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करते हुए पकड़ी जाती है तो उसके खिलाफ तुरंत प्रभाव से एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को भी सख्त हिदायत दी कि वे निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन करें। किसी भी सूरत में तय सीमा से अधिक गैस सिलेंडरों का स्टॉक न रखा जाए। यदि जांच के दौरान अतिरिक्त स्टॉक या अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### गुजवि के पांच विद्यार्थियों को टेस्ट ऑफ मॉम प्राइवेट लिमिटेड में मिला प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से टेस्ट ऑफ मॉम प्राइवेट लिमिटेड के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए कार्यक्रम के पांच विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान, टेस्ट ऑफ मॉम प्राइवेट लिमिटेड की एचआर श्वेता गुप्ता ने एक इंटरैक्टिव प्री-प्लेसमेंट सत्र का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों को कंपनी की कार्य संस्कृति, परिचालन क्षेत्रों और परियोजना-उन्मुख वातावरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चयन प्रक्रिया के बारे में विवरण देते हुए प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें एक प्री-प्लेसमेंट प्रस्तुति और उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में एमबीए जनरल से संजय कुमार, एमबीए फाइनेंस से मुस्कान अग्रवाल, एमबीए मार्केटिंग से शिवम तथा एमबीए हैल्थ सर्विसेज से नीतीश मलिक और नेहा शामिल हैं। इस प्लेसमेंट अभियान का समन्वय एमबीए जनरल की छात्रा प्रीति ने किया।



### कार्यकारी अभियंता ने दिया समाधान का आश्वासन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार द्वारा फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कार्यकारी अभियंता, मंडल नंबर 3 के मॉडल टाऊन स्थित कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को सातवें दिन भी सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया। ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि धरना के दौरान कार्यकारी अभियंता ने यूनियन शिष्टमंडल को बातचीत के लिए बुलाया। बातचीत में यूनियन शिष्टमंडल ने फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं को उठाया। कार्यकारी अभियंता ने इंसुलेटेड शूज, बकाया वेतन के भुगतान व साबुन तेल पर सहित कई अन्य मांगों का 24 मार्च तक समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि कार्यकारी अभियंता के आश्वासन पर यूनियन ने 25 मार्च तक धरना स्थगित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यदि 25 मार्च तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 26 मार्च से पुनः धरना शुरू कर दिया जाएगा।

### कृष्णा देवी गुरुकुल स्कूल के छात्र ओलंपियाड में छाए

**उकलाना।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में तनिष्का ने स्टेट टॉपर बनकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर उन्हें 1000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, अरमान नैन एवं करण को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड विनर के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक बलवान सिंह धायल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने विद्यार्थियों की इस सफलता पर अत्यंत गर्व है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। ऐसे परिणाम पूरे विद्यालय परिवार को आगे बढ़ने और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### बार-बार प्रतिनियुक्ति पर भेजने को लेकर जताई नाराजगी

**नारनौंद।** नागरिक अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स ने बार-बार प्रतिनियुक्ति (डिपुटेशन) पर भेजे जाने को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। इस संबंध में नर्सिंग स्टाफ ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ. भवनेश को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं रखीं और जल्द समाधान की मांग की। डॉ भवनेश ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर द्वारा दिया गया ज्ञापन उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। नर्सिंग ऑफिसर अनिता, पुष्पा, कविता, ममता, सिमरन, राजवंती, पूनम, रामभतेरी, रेनू, शर्लिन, सुमन, अजीता, मुकेश, आशा, मनीषा ने बताया कि पिछले कई महीनों से महिला नर्सिंग ऑफिसर्स को लगातार दूसरी संस्थाओं में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा रहा है। इससे अस्पताल में स्टाफ की कमी हो रही है और यहां की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय में पहले भी संबंधित अधिकारियों और चेयरपर्सन की ओर से दूसरी जगह भेजने को लेकर पत्राचार किया जा चुका है, बावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।